(b) सूरजगढ़, देसूरी, देवली
(c) भीनमाल, टोडाभीम, टोडा रायसिंह
(d) बहरोड़,भीनमाल, सूरजगढ़, धोंड व श्रीमाधोपुर

Patwar Pre Exam 13.02.2016

Ans. (d) केंद्रीय भू-जल प्राधिकरण द्वारा जहाँ जल दोहन अधिक एवं संरक्षण कम होता है, उस क्षेत्र को नोटिफाइड घोषित कर वहाँ नए नलकूप पर विद्युत कनेक्शन एवं नई बोरिंगों पर रोक लगा दी जाती है। वर्तमान में राजस्थान के 12 ब्लॉक अधिसूचित हैं जबकि 23 ब्लॉकों का नोटिफिकेशन जारी है। अधिसूचित ब्लाकों में बहरोड़, भीनमाल, सूरजगढ़, धोंड़ तथा श्रीमाधोपुर प्रमुख हैं।

941. निम्नांकित में से प्रतापगढ़ जिले में कौन सी बहुद्देशीय परियोजना स्थित है।
(a) जवाई परियोजना
(b) जाखम परियोजना
(c) माही बजाज सागर परियोजना
(d) बिसलपुर परियोजना

पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) राजस्थान की प्रमुख बहुद्देशीय परियोजनाएँ निम्नलिखित हैं- जवाई परियोजना - जवाई नदी - पाली जिला में।
जाखम परियोजना - जाखम नदी - प्रतापगढ़ जिला में।
माही बजाज परियोजना - माही नदी - बाँसवाड़ा जिले में।
बीसलपुर परियोजना - बनास नदी - टोंक जिले में।

942. सूची-I सूची- II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

सूची-I (लिफ्ट नहर)	सूची- II (लाभान्वित क्षेत्र)
a. जयनारायण	1. बीकानेर, नागौर
b. चौधरी कुंभाराम	2. जोधपुर, बीकानेर
c. पन्नालाल बारूपाल	3. जोधपुर, जैसलमेर
d. डॉ. करणी सिंह	4. हनुमानगढ़, चुरू

	A	B	C	D
(a)	3	1	2	4
(b)	2	4	1	3
(c)	3	4	1	2
(d)	1	2	3	4

Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (c)

	(लिफ्ट नहर)		(लाभान्वित) क्षेत्र
(a)	जय नारायण	-	जोधपुर, जैसलमेर
(b)	चौधरी कुंभाराम	-	हनुमानगढ़, चुरू
(c)	पन्नालाल बारूपाल	-	बीकानेर, नागौर
(d)	डॉ.करणी सिंह	-	जोधपुर, बीकानेर

943. माही बजाज सागर बाँध निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है?
(a) भीलवाड़ा (b) बाँसवाड़ा
(c) कोटा (d) जालौर

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) माही- बजाज सागर परियोजना- यह राजस्थान एवं गुजरात की संयुक्त परियोजना है। यह राजस्थान का सबसे लम्बा बाँध है।1966 ई में हुए समझौते के अनुसार राजस्थान का हिस्सा 45 प्रतिशत व गुजरात का हिस्सा 55प्रतिशत है। इस परियोजना के अंतर्गत माही नदी पर राजस्थान के बासवाड़ा के बोरखेड़ा गांव में माही बजाज सागर बांध बना हुआ है। इस परियोजना से डुंगरपुर व बांसवाडा जिलों की कुछ तहसीलों को जलापूर्ति होती है।

944. बजाज सागर बाँध किस नदी पर स्थित है?
(a) लूनी (b) माही
(c) सोम (d) पार्वती

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)
हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018

Ans. (b) उपर्कक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

945. राजस्थान में सबसे लम्बा बाँध है-
(a) राणा प्रताप सागर (b) माही बजाज सागर
(c) कोटा बैराज (d) बीसलपुर

लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018

Ans. (b) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

946. माही बजाज सागर बांध स्थित है-
(a) खांदू गाँव में
(b) बोरखेड़ा गाँव में
(c) अबापुरा गाँव में
(d) बेणेश्वर गाँव में

JEN Civil Diploma (Tsp Area) 16.10.2016
पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा- 2019

Ans. (b) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

947.माही-बजाज सागर परियोजना का फैलाव निम्नांकित क्षेत्र में है-
(a) केवल राजस्थान
(b) राजस्थान व गुजरात
(c) राजस्थान, गुजरात एवं महाराष्ट्र
(d) राजस्थान एवं मध्य प्रदेश

उत्तर - (b) **RPSC RAS/RTS-1992**

व्याख्या- उपयुक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

948. 'कागदी पिकअप' जलग्रहण करता है
(a) गाँधी सागर बाँध से
(b) माही बजाज सागर बाँध से
(c) झाखम बाँधी से
(d) जवाई बाँध से

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020

Ans. (b) कागदी पिकअप बाँध माही बजाज सागर बाँध से जलग्रहण करता है। यह बाँध बांसवाड़ा जिले में माही नदी पर स्थित है।

949. निम्नलिखित में से कौन-सी सिंचाई परियोजना राजस्थान, पंजाब व हरियाणा राज्यों की संयुक्त परियोजना है-
(a) इन्दिरा गाँधी नहर (b) माही बजाज सागर
(c) व्यास (d) नर्मदा नहर

JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016